Adda247
GET IT ON Google Play

# प्रश्न पुस्तिका / QUESTION BOOKLET

| | |
|---|---|
| पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या / Number of Pages in Booklet : **24** | |
| पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या / Number of Questions in Booklet : **150** | |
| अवधि / Duration : **3.00** घंटे / Hours | पूर्णांक / Maximum Marks : **300** |
| **131C** | |

प्रश्न पुस्तिका क्रमांक
Question Booklet Number

## INSTRUCTIONS

1. Please correctly fill your Roll Number in O.M.R. Sheet. Candidate will himself be responsible for filling wrong Roll No.
2. At the start of the examination, before attempting the question paper kindly check your test booklet and O.M.R. Answer Sheet and ensure that:

* The serial numbers of test booklet and O.M.R. answer sheet are same.
* All pages of test booklet and O.M.R. answer sheet are properly printed. All questions from S. No. **1** to last S. No. **150** are printed and pages from S. No. **1** to last S. No. **24** are there in the question booklet.

In case of any discrepancy/defect the candidate should immediately report the matter to the invigilator for replacement of test booklet and O.M.R answer sheet. No claim/objection in this regard will be entertained after five minutes of start of examination. Candidate will be liable for it.

3. Answer all questions.
4. All questions carry equal marks.
5. Only one answer is to be given for each question.
6. If more than one answers are marked, it would be treated as wrong answer.
7. There is no Negative marking.
8. Each question has four alternative responses marked serially as **(A), (B), (C), (D).** Candidate has to darken only one circle or bubble indicating the correct answer on the Answer Sheet using **BLUE BALL POINT PEN.**
9. Use of Mobile Phone/ Bluetooth Devices or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited. If any such prohibited material is found with any candidate, strict action will be taken by the Board against him/her as per rule.
10. If there is any sort of ambiguity/mistake either of printing or factual nature in Hindi and English version of the question, the English version will be treated as standard.

**Warning** : If a candidate is found copying or if any unauthorized material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her in the Police Station and he/she would be liable to be prosecuted under Section 3 of the **State Prevention of Unfair Means Act, 1992** and Board Regulations. Board may also debar him/her permanently from all future examinations of the Board.

## निर्देश

1. कृपया अपना रोल नम्बर ओ.एम.आर. पत्रक पर सावधानीपूर्वक सही भरें। गलत रोल नंबर भरने पर परीक्षार्थी स्वयं उत्तरदायी होगा।
2. प्रश्न–पत्र हल करने से पूर्व, परीक्षा प्रारम्भ होते ही प्रश्न–पत्र पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक की भली–भाँति जाँच कर यह सुनिश्चित कर लें कि:

* प्रश्न–पत्र पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक के क्रमांक एक समान हैं।
* प्रश्न–पत्र पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक के सभी पृष्ठ सही छपे हुए हैं। प्रश्न–पत्र पुस्तिका में प्रश्न सं. **1** से अन्तिम क्रमांक **150** तक सभी प्रश्न क्रमवार मुद्रित हैं एवं सभी पृष्ठ क्रमवार **1** से **24** तक मौजूद हैं।

किसी भी प्रकार की विसंगति होने या दोषपूर्ण होने पर प्रश्न–पत्र पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक का दूसरा लिफाफा अभिजागर से प्राप्त कर लें। परीक्षा प्रारम्भ होने के 5 मिनट के पश्चात् ऐसी स्थिति में किसी दावे / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। उसमें समस्त जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी।

3. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
4. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
5. प्रत्येक प्रश्न का केवल एक ही उत्तर दीजिए।
6. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जावेगा।
7. ऋणात्मक अंक देय नहीं है।
8. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिए गए हैं, जिन्हें क्रमशः **(A), (B), (C), (D)** अंकित किया गया है। अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को उत्तर–पत्रक पर **नीले बॉल प्वॉइंट पेन** से गहरा करना है।
9. मोबाईल फोन / ब्लूटूथ डिवाइस अथवा इलेक्ट्रॉनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है। यदि किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी कोई वर्जित सामग्री मिलती है, तो उसके विरुद्ध बोर्ड द्वारा नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जावेगी।
10. यदि किसी प्रश्न के हिन्दी एवं अंग्रेज़ी रूपान्तरों में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो, तो प्रश्न का अंग्रेज़ी रूपान्तरण मान्य होगा।

**चेतावनी** : अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते पकड़ा जाता है या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराई जायेगी और **राज्य अनुचित साधनों की रोकथाम अधिनियम,** 1992 की धारा 3 एवं बोर्ड रेग्यूलेशन के तहत कार्यवाही की जावेगी। साथ ही बोर्ड ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य में होने वाली बोर्ड की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है।

**इस परीक्षा पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए / Do not open this test booklet until you are asked to do so.**

Test Prime

ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

70,000+ Mock Tests

Personalised Report Card

Unlimited Re-Attempt

600+ Exam Covered

Previous Year Papers

500% Refund

ATTEMPT FREE MOCK NOW

1. Which of the following pair (Political Activist – Related Princely state) is not correctly matched?
(A) Mithalal Vyas – Jaisalmer
(B) Bhupendranath Trivedi – Kota
(C) Kishanlal Joshi – Bharatpur
(D) Pandit Harinarayan Sharma – Alwar

2. Two statements are given below, one labelled as Assertion (A) and the other as Reason (R) –
**Assertion (A) :** Dadabhai Naoroji founded East India Association in London.
**Reason (R) :** He wanted to influence the British Public Opinion.
In the context of the above two statements, which one of the following is correct?
(A) (A) is true but (R) is false
(B) (R) is true but (A) is false
(C) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)
(D) Both (A) and (R) are true and (R) is correct explanation of (A)

3. Who was the Ruler of Bikaner who supported the British through his army for suppressing Revolt of 1857?
(A) Sardar Singh (B) Ratan Singh
(C) Ganga Singh (D) Dungar Singh

4. Under whose leadership, thousands of women participated in the conference held at Katrathal on 25th April, 1934?
(A) Rama Devi (B) Uttama Devi
(C) Kishori Devi (D) Durga Devi

5. Who among the following leader was in the Independence Movement in Bharatpur state?
(A) Tikaram Paliwal (B) Kishan Lal Joshi
(C) Mangal Singh Sharma (D) Shobha Ram

6. Who brought about a compromise between Muslim League and Congress, in 1916?
(A) Annie Besant (B) Surendranath Banerjee
(C) Bal Gangadhar Tilak (D) Gopal Krishna Gokhale

1. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म (राजनीतिक कार्यकर्त्ता – संबंधित रियासती राज्य) सुमेलित नहीं है?
(A) मीठालाल व्यास – जैसलमेर
(B) भूपेन्द्रनाथ त्रिवेदी – कोटा
(C) किशनलाल जोशी – भरतपुर
(D) पंडित हरिनारायण शर्मा – अलवर

2. नीचे दो कथन दिए गए हैं, एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है –
**अभिकथन (A) :** दादाभाई नौरोजी ने लंदन में ईस्ट इंडिया एसोसिएशन की स्थापना की।
**कारण (R) :** वह ब्रिटिश जनमत को प्रभावित करना चाहते थे।
उपरोक्त दो कथनों के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौनसा एक सही है?
(A) (A) सत्य है लेकिन (R) असत्य है
(B) (R) सत्य है लेकिन (A) असत्य है
(C) दोनों (A) और (R) सत्य हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है
(D) दोनों (A) और (R) सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है

3. 1857 की क्रांति को दबाने के लिए, बीकानेर के किस शासक ने अंग्रेज़ों को सैन्य सहायता दी?
(A) सरदार सिंह (B) रतन सिंह
(C) गंगा सिंह (D) डूंगर सिंह

4. किसके नेतृत्व में, 25 अप्रैल, 1934, को कटराथल में आयोजित विशाल महिला सम्मेलन में हजारों महिलाओं ने भाग लिया?
(A) रमा देवी (B) उत्तमा देवी
(C) किशोरी देवी (D) दुर्गा देवी

5. भरतपुर राज्य के स्वतंत्रता आंदोलन में निम्न में से कौन एक नेता थे?
(A) टीकाराम पालीवाल (B) किशन लाल जोशी
(C) मंगलसिंह शर्मा (D) शोभा राम

6. 1916 में, मुस्लिम लीग और कांग्रेस के बीच समझौता किसने करवाया था?
(A) एनी बेसेंट (B) सुरेन्द्रनाथ बनर्जी
(C) बाल गंगाधर तिलक (D) गोपाल कृष्ण गोखले

7. Which leader of the Marwar Lok Parishad died in June 19, 1942 due to hunger strike against injustice in Jail?
(A) Ranchod Das Gattani (B) Anand Raj Surana
(C) Bhanwar Lal Sharma (D) Bal Mukund Bissa

7. जेल में अन्याय के खिलाफ भूख हड़ताल के कारण मारवाड़ लोक परिषद के किस नेता की मृत्यु 19 जून, 1942 को हुई?
(A) रणछोड़दास गट्टानी (B) आनंद राज सुराणा
(C) भंवर लाल शर्मा (D) बाल मुकुंद बिस्सा

8. Morley – Minto reforms were aimed at –
(1) Promotion of education
(2) Reserved seats in Provincial Assembly for Dalits
(3) Separate electorates for Muslims
(4) Increase in the number of members in Legislative Council at Centre
Select the correct answer from the code given below -
(A) 1, 2 and 3 (B) Only 2
(C) Only 3 (D) 1, 2, 3 and 4

8. मॉर्ले – मिंटो सुधारों का उद्देश्य था –
(1) शिक्षा को बढ़ावा
(2) प्रांतीय विधानसभा में दलितों के लिए आरक्षित सीटें
(3) मुसलमानों के लिए अलग निर्वाचक मंडल
(4) केन्द्रीय विधान परिषद में सदस्यों की संख्या में बढ़ोत्तरी
नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए –
(A) 1, 2 एवं 3 (B) केवल 2
(C) केवल 3 (D) 1, 2, 3 एवं 4

9. Who among the following was the author of the book 'Jaisalmer Ka Gundaraj'?
(A) Sagarmal Gopa (B) Hiralal Shastri
(C) Jai Narayan Vyas (D) Manikya Lal Verma

9. 'जैसलमेर का गुंडाराज' पुस्तक के लेखक निम्न में से कौन थे?
(A) सागरमल गोपा (B) हीरालाल शास्त्री
(C) जयनारायण व्यास (D) माणिक्यलाल वर्मा

10. Which among the following is related to Lord Curzon?
(A) Indian Council Act, 1892
(B) Universities Act, 1920
(C) Partition of Bengal in 1905
(D) Government of India Act, 1909

10. निम्नलिखित में से क्या लॉर्ड कर्ज़न से संबंधित है?
(A) भारतीय परिषद अधिनियम, 1892
(B) विश्वविद्यालय अधिनियम, 1920
(C) 1905 का बंगाल का विभाजन
(D) भारत सरकार अधिनियम, 1909

11. Saint Haridas was the founder of ………………………………. sect.
(A) Nimbarka (B) Alakhiya
(C) Niranjani (D) Ramsnehi

11. संत हरिदास ………………………………. सम्प्रदाय के संस्थापक थे।
(A) निम्बार्क (B) अलखिया
(C) निरंजनी (D) रामस्नेही

12. Who among the following is not a master of Maand singing?
(A) Allah Jilai Bai (B) Gavari Bai
(C) Gulabo (D) Banno Begam

12. इनमें से कौन मांड गायन में सिद्धहस्त नहीं है?
(A) अल्लाह जिलाई बाई (B) गवरी बाई
(C) गुलाबो (D) बन्नो बेगम

13. In which of the following tribes, the marriages named Tanna and Mor Bandhiya are prevalent?
(A) Sansi (B) Meena
(C) Bhil (D) Garasia

13. ताणना एवं मोर बंधिया विवाह, निम्न में से किस जनजाति में प्रचलित हैं?
(A) सांसी (B) मीणा
(C) भील (D) गरासिया

Adda247
GET IT ON Google Play

**14.** In which of the following, the archaeological remains related to Buddhism are found?

**(A)** Bairath (Virat Nagar) **(B)** Madhyamika (Nagari)

**(C)** Naliyasar (Sambhar) **(D)** Raidh (Tonk)

**15.** Where is Lok Kala Mandir located?

**(A)** Jodhpur **(B)** Kota

**(C)** Udaipur **(D)** Ajmer

**16.** The author of 'Beli Krishan Rukmani Ri', was the court poet of which ruler?

**(A)** Vigraharaja IV **(B)** Maharana Kumbha

**(C)** Akbar **(D)** Shah Jahan

**17.** Gopal Saini is related to which handicraft of Rajasthan?

**(A)** Terracotta **(B)** Blue Pottery

**(C)** Wood Art **(D)** Theva Art

**18.** In Rajasthan, where is the first Tribal Child Hockey Academy established?

**(A)** Dungarpur **(B)** Kota

**(C)** Udaipur **(D)** Bhilwara

**19.** According to Col. Tod, Meena's originally belong to which of these places?

**(A)** Abu Mountain ranges **(B)** Kali Khoh Mountain ranges

**(C)** Mukundara Hills **(D)** Kali Ghati Mountain ranges

**20.** Who has built the Shiv Temple of Badoli (Kota)?

**(A)** Toramana **(B)** Mihirkula

**(C)** Bhoj Parmar **(D)** Bhoj Pratihar

**21.** "Illa na deni, aapni, halriya hulraaye.
Poot sikhave palne, maran badai maaye."
The above lines are taken from which book?

**(A)** Vansh Bhaskar **(B)** Veer Satsai

**(C)** Kanhad-de-Prabandh **(D)** Prithviraj Raso

**14.** निम्नलिखित में से, बौद्ध धर्म से सम्बन्धित पुरातात्विक अवशेष कहाँ मिले हैं?

**(A)** बैराठ (विराट नगर) **(B)** माध्यमिका (नगरी)

**(C)** नलियासर (सांभर) **(D)** रैढ़ (टोंक)

**15.** लोक कला मन्दिर कहाँ स्थित है?

**(A)** जोधपुर **(B)** कोटा

**(C)** उदयपुर **(D)** अजमेर

**16.** 'बेली क्रिशन रुकमणी री' के रचयिता, किस शासक के दरबारी कवि थे?

**(A)** विग्रहराज चतुर्थ **(B)** महाराणा कुम्भा

**(C)** अकबर **(D)** शाहजहाँ

**17.** गोपाल सैनी का सम्बन्ध राजस्थान की किस हस्तकला से है?

**(A)** टैराकोटा **(B)** ब्ल्यू पॉटरी

**(C)** काष्ठ कला **(D)** थेवा कला

**18.** राजस्थान की पहली जनजाति बालक हॉकी अकादमी कहाँ स्थापित की गई है?

**(A)** डूंगरपुर में **(B)** कोटा में

**(C)** उदयपुर में **(D)** भीलवाड़ा में

**19.** कर्नल टॉड के अनुसार, मीणाओं का मूल निवास स्थान निम्न में से कौन सा था?

**(A)** आबू पर्वतमाला **(B)** काली खोह पर्वतमाला

**(C)** मुकुन्दरा पर्वत श्रेणी **(D)** काली घाटी पर्वतमाला

**20.** बडोली (कोटा) के शिव मन्दिर का निर्माण किसने करवाया?

**(A)** तोरमाण **(B)** मिहिरकुल

**(C)** भोज परमार **(D)** भोज प्रतिहार

**21.** ''इला न देणी, आपणी, हालरिया हुलराय।
पूत सिखावै पालणै, मरण बड़ाई माय॥''
उपर्युक्त पंक्तियाँ किस ग्रन्थ से ली गई हैं?

**(A)** वंश भास्कर **(B)** वीर सतसई

**(C)** कान्हड़दे प्रबन्ध **(D)** पृथ्वीराज रासो

22. Match the following –

| Folk Deity | Birth place |
|---|---|
| (1) Gogaji | (i) Santhu |
| (2) Pabuji | (ii) Dadreva |
| (3) Hadbuji | (iii) Kohu |
| (4) Fattaji | (iv) Bhundol |

Code -

(A) 1-i, 2-ii, 3-iii, 4-iv (B) 1-ii, 2-iii, 3-iv, 4-i
(C) 1-iv, 2-ii, 3-iii, 4-i (D) 1-iii, 2-i, 3-ii, 4-iv

23. Which (Cattle fair and District) is not correctly matched?

(A) Chandrabhaga Cattle Fair – Jhalawar
(B) Gogamedi Cattle Fair – Hanumangarh
(C) Shivratri Cattle Fair – Sawai Madhopur
(D) Ramdev Cattle Fair – Nagaur

24. Which writer named the books after the name of Bikaner Maharaja Anoop Singh?

(A) Bhav Bhatta (B) Lochan
(C) Hriday Narayan Dev (D) Pundrik Vitthal

25. Which of the following statement is not true about 'Kalibangan Civilization'?

(A) Camel bones have been discovered at Kalibangan.
(B) Kalibangan has provided evidence of the first recorded earthquake.
(C) Luigi Pio Tessitori, an Italian Indologist found the Kalibangan site.
(D) Pre Harappan fire altars have been discovered.

26. Who is famous with the name of Narsingh in Rajasthan?

(A) Sant Ramcharanji (B) Kavi Durlabhji
(C) Sant Charandas ji (D) Sant Rajjab ji

27. Which song of goddess was sung by the 'Kanfate Jogi' with Damru and Sarangi?

(A) Jeen Mata (B) Nagnechi Mata
(C) Sheetala Mata (D) Sakrai Mata

28. What is the name of the cremation site of Mewar royal family?

(A) Kaga (B) Gatore
(C) Mahasatya (D) Bada Bagh

22. सुमेलित कीजिए –

| लोक देवता | जन्म स्थान |
|---|---|
| (1) गोगाजी | (i) सांथू |
| (2) पाबूजी | (ii) ददरेवा |
| (3) हड़बूजी | (iii) कोहू |
| (4) फत्ताजी | (iv) भूंडोल |

कूट –

(A) 1-i, 2-ii, 3-iii, 4-iv (B) 1-ii, 2-iii, 3-iv, 4-i
(C) 1-iv, 2-ii, 3-iii, 4-i (D) 1-iii, 2-i, 3-ii, 4-iv

23. कौन–सा (पशु मेला और जिला) सही सुमेलित नहीं है?

(A) चन्द्रभागा पशुमेला – झालावाड़
(B) गोगामेडी पशुमेला – हनुमानगढ़
(C) शिवरात्रि पशुमेला – सवाई माधोपुर
(D) रामदेव पशुमेला – नागौर

24. किस ग्रन्थकार ने अपने ग्रन्थों का नाम बीकानेर महाराजा अनूप सिंह के नाम पर रखा था?

(A) भाव भट्ट (B) लोचन
(C) हृदय नारायण देव (D) पुण्डरिक विट्ठल

25. निम्नलिखित में से कौन सा कथन 'कालीबंगा सभ्यता' के विषय में सही नहीं है?

(A) कालीबंगा से ऊँट की हड्डियों के साक्ष्य मिले हैं।
(B) कालीबंगा से प्रथम अंकित किए गए भूंकप के साक्ष्य मिले हैं।
(C) कालीबंगा की खोज एक इतालवी इंडोलॉजिस्ट लुइगी पियो टेसिटोरी ने की थी।
(D) प्राक् हड़प्पा अग्निवेदियों के साक्ष्य मिले हैं।

26. राजस्थान में नरसिंह के नाम से प्रसिद्ध हैं –

(A) संत रामचरणजी (B) कवि दुर्लभजी
(C) संत चरणदासजी (D) संत रज्जब जी

27. 'कनफटे जोगी' डमरू एवं सारंगी वाद्य यन्त्रों के साथ किस देवी के गीत गाते हैं?

(A) जीण माता (B) नागणेची माता
(C) शीतला माता (D) सकराय माता

28. मेवाड़ राज घराने के अन्त्येष्टि स्थल का नाम क्या है?

(A) कागा (B) गेटोर
(C) महासत्य (D) बड़ा बाग

29. Which of the following region of Rajputana was ruled by the Varik dynasty?
(A) Badnaur (B) Bayana
(C) Alwar (D) Ajmer

30. Which one of the following (Folk drama - Place) is not matched correctly?
(A) Nautanki – Bharatpur, Dholpur
(B) Tamasha – Jaipur
(C) Turra Kalangi – Marwar
(D) Rammat – Bikaner, Jaisalmer

31. Ognia, Angotia, Surliya ornaments are worn -
(A) on head (B) on wrist
(C) in ears (D) on feet

32. When did Maharana Pratap make Chavand his capital?
(A) 1580 (B) 1576
(C) 1582 (D) 1585

33. To which age does the artistic splendour of Abhaneri and Rajoregarh belong?
(A) Gurjar - Pratihar (B) Chauhan
(C) Guhil - Sisodia (D) Rathore

34. Who wrote the book named 'Hammir Hath'?
(A) Jodhraj (B) Chandrashekhar
(C) Dalpat (D) Keshavdev

35. From the following battles, choose the correct order from first to last according to the year they were fought –
(1) Battle of Gagron
(2) Battle of Sarangpur
(3) Battle of Bayana
(4) Battle of Mavli
Choose the correct option -
(A) 2, 4, 3, 1 (B) 2, 1, 3, 4
(C) 1, 2, 3, 4 (D) 1, 3, 2, 4

36. The first UDAY (Utkrisht Double Decker Air-Conditioned Yatri) Express train runs between -
(A) Delhi and Kalka
(B) Bengaluru and Coimbatore
(C) Chennai and Visakhapatnam
(D) Visakhapatnam and Vijayawada

29. निम्नलिखित में से राजपूताना के किस क्षेत्र पर वरीक वंश ने शासन किया था?
(A) बदनौर (B) बयाना
(C) अलवर (D) अजमेर

30. निम्नलिखित में से कौन सा (लोक नाट्य – स्थान) सुमेलित नहीं है?
(A) नौटंकी – भरतपुर, धौलपुर
(B) तमाशा – जयपुर
(C) तुर्रा कलंगी – मारवाड़
(D) रम्मत – बीकानेर, जैसलमेर

31. ओगनिया, अंगोटिया, सुरलिया, आभूषण पहने जाते हैं –
(A) सिर पर (B) कलाई पर
(C) कानों में (D) पैरों में

32. महाराणा प्रताप ने चावण्ड को अपनी राजधानी कब बनाया था?
(A) 1580 (B) 1576
(C) 1582 (D) 1585

33. आभानेरी तथा राजौरगढ़ के कलात्मक वैभव किस काल से सम्बन्धित हैं?
(A) गुर्जर – प्रतिहार (B) चौहान
(C) गुहिल – सिसोदिया (D) राठौड़

34. 'हम्मीर हठ' नामक ग्रन्थ किसने लिखा?
(A) जोधराज (B) चन्द्रशेखर
(C) दलपत (D) केशवदेव

35. निम्नलिखित युद्धों में से, उनके लड़े जाने के वर्ष के अनुसार पहले से आखिरी तक सही क्रम को चुनिए -
(1) गागरोन का युद्ध
(2) सारंगपुर का युद्ध
(3) बयाना का युद्ध
(4) मावली का युद्ध
सही विकल्प चुनें –
(A) 2, 4, 3, 1 (B) 2, 1, 3, 4
(C) 1, 2, 3, 4 (D) 1, 3, 2, 4

36. प्रथम उदय (उत्कृष्ट डबल डेकर वातानुकूलित यात्री) एक्सप्रेस ट्रेन किसके बीच चलती है?
(A) दिल्ली और कालका
(B) बेंगलुरु और कोयंबटूर
(C) चेन्नई और विशाखापट्टनम
(D) विशाखापट्टनम और विजयवाड़ा

**37.** Malaj Khand is associated with which mineral production?
(A) Lignite (B) Copper
(C) Iron Ore (D) Diamond

**38.** National Bank for Agriculture and Rural Development (NABARD) was established on -
(A) 12th July, 1986 (B) 12th July, 1978
(C) 12th July, 1982 (D) 12th July, 1992

**39.** Which among the following (State – Coal region) is correctly matched?
(A) Madhya Pradesh – Ramgarh (B) Odisha – Sambalpur
(C) West Bengal – Betul (D) Jharkhand – Sarguja

**40.** Which one of the following is the correct descending order of the coffee producing states of India?
(A) Karnataka > Kerala > Andhra Pradesh > Tamil Nadu
(B) Karnataka > Tamil Nadu > Kerala > Andhra Pradesh
(C) Karnataka > Kerala > Tamil Nadu > Andhra Pradesh
(D) Andhra Pradesh > Tamil Nadu > Kerala > Karnataka

**41.** Vedanthangal Bird Sanctuary is situated at -
(A) Karnataka (B) Kerala
(C) Tamil Nadu (D) Andhra Pradesh

**42.** As on August 2022, how many declared wetlands are there in India?
(A) 72 (B) 75
(C) 48 (D) 41

**43.** Which type of forests are found in western slopes of the Western Ghat?
(A) Alpine (B) Savanna
(C) Tropical Evergreen (D) Monsoon

**44.** Which state of India has highest potentiality of wind energy?
(A) Gujarat (B) Tamil Nadu
(C) Rajasthan (D) Karnataka

**45.** On which river is the Salal Project located?
(A) Chenab (B) Ravi
(C) Vyas (D) Jhelum

**37.** मलाज खण्ड किस खनिज उत्पादन से संबंधित है?
(A) लिग्नाइट (B) तांबा
(C) लौह अयस्क (D) हीरा

**38.** राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) की स्थापना हुई थी–
(A) 12 जुलाई, 1986 को (B) 12 जुलाई, 1978 को
(C) 12 जुलाई, 1982 को (D) 12 जुलाई, 1992 को

**39.** निम्नलिखित में से कौनसा (राज्य – कोयला क्षेत्र) सही सुमेलित है?
(A) मध्यप्रदेश – रामगढ़ (B) ओडिशा – सम्बलपुर
(C) पश्चिम बंगाल – बैतूल (D) झारखंड – सरगुजा

**40.** भारत में कॉफी उत्पादक राज्यों का निम्नलिखित में से सही घटता हुआ क्रम कौनसा है?
(A) कर्नाटक > केरल > आंध्र प्रदेश > तमिलनाडु
(B) कर्नाटक > तमिलनाडु > केरल > आंध्र प्रदेश
(C) कर्नाटक > केरल > तमिलनाडु > आंध्र प्रदेश
(D) आंध्र प्रदेश > तमिलनाडु > केरल > कर्नाटक

**41.** वेदान्थांगल पक्षी अभ्यारण्य स्थित है –
(A) कर्नाटक में (B) केरल में
(C) तमिलनाडु में (D) आंध्र प्रदेश में

**42.** अगस्त 2022 की स्थिति के अनुसार, भारत में कितनी घोषित आर्द्र भूमियाँ हैं?
(A) 72 (B) 75
(C) 48 (D) 41

**43.** पश्चिमी घाट के पश्चिमी ढालों पर किस प्रकार के वन पाए जाते हैं?
(A) अल्पाइन (B) सवाना
(C) उष्णकटिबंधीय सदाबहार (D) मॉनसूनी

**44.** भारत के किस राज्य में पवन ऊर्जा की सर्वाधिक क्षमता विद्यमान है?
(A) गुजरात (B) तमिलनाडु
(C) राजस्थान (D) कर्नाटक

**45.** सलाल परियोजना किस नदी पर स्थित है?
(A) चिनाब (B) रावी
(C) व्यास (D) झेलम

46. Ratanada airport provides services to -
(A) Jodhpur (B) Kota
(C) Bikaner (D) Udaipur

47. As per Census – 2011, the district having least rural sex ratio in Rajasthan was -
(A) Jaisalmer (B) Dholpur
(C) Tonk (D) Barmer

48. The construction of Bisalpur Dam was completed in which year?
(A) 1989 (B) 1992
(C) 1996 (D) 1999

49. Which river basin of Rajasthan is in second position in terms of water availability?
(A) Banas Basin (B) Mahi Basin
(C) Luni Basin (D) Sabarmati Basin

50. **Assertion (A):** Teak trees are mostly found in southern part of Rajasthan.
**Reason (R):** The teak can bear extreme cold and frost.
(A) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)
(B) (A) is false but (R) is true
(C) (A) is true but (R) is false
(D) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)

51. In which part of Rajasthan the 'Entisols' soil is found?
(A) Western (B) Southern
(C) South Eastern (D) Eastern

52. Which (Mineral – Mining Area) is not correctly matched?
(A) Dolomite - Bajla-Kabra
(B) Fluorite - Mando-Ki-Pal
(C) Lead & Zinc - Rampura-Agucha
(D) Rock phosphate - Barodia

53. Akal Wood Fossil Park is located in which of the following district?
(A) Jaisalmer (B) Bundi
(C) Pali (D) Rajsamand

54. Giral lignite thermal power project is located in which village?
(A) Samdari (Barmer) (B) Ramsar (Ajmer)
(C) Thumbli Village (Barmer) (D) Sivana (Jalore)

46. रातानाडा हवाईअड्डा अपनी सेवायें उपलब्ध कराता है –
(A) जोधपुर को (B) कोटा को
(C) बीकानेर (D) उदयपुर को

47. जनगणना–2011 के अनुसार, राजस्थान में जिस जिले में ग्रामीण लिंगानुपात सबसे कम था, वह है –
(A) जैसलमेर (B) धौलपुर
(C) टोंक (D) बाड़मेर

48. बीसलपुर बाँध का निर्माण किस वर्ष में पूर्ण हुआ?
(A) 1989 (B) 1992
(C) 1996 (D) 1999

49. जल उपलब्धता के आधार पर कौन सा नदी बेसिन राजस्थान में द्वितीय स्थान पर है?
(A) बनास बेसिन (B) माही बेसिन
(C) लूनी बेसिन (D) साबरमती बेसिन

50. **कथन (A)** : राजस्थान के दक्षिणी क्षेत्रों में सागवान के वृक्ष अधिक पाये जाते है।
**कथन (R)** : सागवान अधिक सर्दी व पाला सहन कर पाता है।
(A) (A) और (R) दोनों सही है किंतु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है
(B) (A) गलत है लेकिन (R) सही है
(C) (A) सही है लेकिन (R) गलत है
(D) (A) और (R) दोनों सही है एवं (R), (A) की सही व्याख्या है

51. राजस्थान के किस भाग में 'एण्टीसोल्स' मृदा पायी जाती है?
(A) पश्चिमी (B) दक्षिणी
(C) दक्षिण पूर्वी (D) पूर्वी

52. कौन सा (खनिज–खनन क्षेत्र) सुमेलित नहीं है?
(A) डोलोमाइट – बाजला–काबरा
(B) फ्लोराइट – मांडो–की–पाल
(C) सीसा और जस्ता – रामपुरा–अगुचा
(D) रॉक फॉस्फेट – बरोडिया

53. आकल काष्ठ जीवाश्म उद्यान निम्न में से किस जिले में स्थित है?
(A) जैसलमेर (B) बून्दी
(C) पाली (D) राजसमंद

54. गिरल लिग्नाइट ताप शक्ति परियोजना किस गांव में स्थित है?
(A) समदड़ी (बाड़मेर) (B) रामसर (अजमेर)
(C) थुम्बली गांव (बाड़मेर) (D) सिवाणा (जालौर)

Adda247
GET IT ON Google Play

**55.** As per Koppen's climate classification, which type of climate is found in Dungarpur and Banswara district?
(A) BWhw (B) BShw
(C) Cwg (D) Aw

**56.** From which tree 'Katha' is extracted in Rajasthan?
(A) Khejri (B) Palas
(C) Khair (D) Dhok

**57.** Which among the following (River – Associated District) is not correctly matched?
(A) Dai - Ajmer (B) Banganga - Jaipur
(C) Kakni - Jaisalmer (D) Vatrak - Banswara

**58.** The major producing region of soybean in Rajasthan is -
(A) Semi-Arid (B) Hadoti Plateau
(C) Mahi Basin (D) Eastern Plains

**59.** Which are the highest population districts of Rajasthan, according to Census - 2011 (Descending order)?
(A) Jaipur-Jodhpur-Alwar-Nagaur
(B) Jaipur-Jodhpur-Nagaur-Alwar
(C) Jodhpur-Jaipur-Alwar-Nagaur
(D) Alwar-Jaipur-Nagaur-Jodhpur

**60.** Where in Rajasthan oil refinery is being established?
(A) Bikaner (B) Jalore
(C) Jaisalmer (D) Barmer

**61.** When was President Rule imposed in Rajasthan due to unclear majority in the Assembly Elections?
(A) 1977 (B) 1980
(C) 1967 (D) 1992

**62.** Who among the following is <u>not</u> in the Selection Committee of the Chairman and members of the Rajasthan State Human Rights Commission?
(A) Governor (B) Chief Minister
(C) Home Minister (D) Leader of the Opposition

**55.** कोपेन के जलवायु वर्गीकरण के अनुसार, डूंगरपुर और बांसवाड़ा जिलों में किस प्रकार की जलवायु पाई जाती है?
(A) BWhw (B) BShw
(C) Cwg (D) Aw

**56.** राजस्थान में किस वृक्ष से 'कत्था' निकाला जाता है?
(A) खेजड़ी (B) पलास
(C) खैर (D) धोक

**57.** निम्नलिखित में से कौनसा (नदी – सम्बन्धित जिला) सुमेलित नहीं है?
(A) दाई – अजमेर (B) बाणगंगा – जयपुर
(C) काकणी – जैसलमेर (D) वात्रक – बांसवाड़ा

**58.** राजस्थान में सोयाबीन उत्पादक प्रमुख क्षेत्र है –
(A) अर्द्ध शुष्क (B) हाड़ौती पठार
(C) माही बेसिन (D) पूर्वी मैदान

**59.** 2011 की जनगणना के अनुसार, राजस्थान के सर्वाधिक जनसंख्या वाले जिले हैं – (अवरोही क्रम)
(A) जयपुर–जोधपुर–अलवर–नागौर
(B) जयपुर–जोधपुर–नागौर–अलवर
(C) जोधपुर–जयपुर–अलवर–नागौर
(D) अलवर–जयपुर–नागौर–जोधपुर

**60.** राजस्थान में ऑयल रिफायनरी की स्थापना कहाँ की जा रही है?
(A) बीकानेर (B) जालौर
(C) जैसलमेर (D) बाड़मेर

**61.** विधान सभा चुनाव में अस्पष्ट बहुमत के कारण राजस्थान में राष्ट्रपति शासन कब लगाया गया था?
(A) 1977 (B) 1980
(C) 1967 (D) 1992

**62.** राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों की चयन समिति में निम्नलिखित में कौन शामिल <u>नहीं</u> होता है?
(A) राज्यपाल (B) मुख्यमंत्री
(C) गृह मंत्री (D) विपक्ष का नेता

**63.** Which of the following statement is incorrect?

**(A)** Panchayat Extension to Scheduled Area (PESA) Act was implemented on 24th December 1996.

**(B)** The PESA Act was enacted on the recommendation of Dileep Singh Bhuria Committee.

**(C)** PESA Act is applied to 9 states of Schedule 5.

**(D)** One of the objectives of the Act is to protect and conserve the traditions and customs of tribal communities.

**64.** When was the Revenue Board established in Rajasthan?

**(A)** 1947 **(B)** 1949

**(C)** 1951 **(D)** 1955

**65.** Identify the Chairman of the Rajasthan State Human Rights Commission, who also served as the Judge of the Supreme Court of India?

**(A)** Kanta Kumari Bhatnagar **(B)** Gopal Krishna Vyas

**(C)** Saiyed Saghir Ahmad **(D)** Nagendra Kumar Jain

**66.** Which of the following statement is not true?

**(A)** Rajasthan can have 30 Ministers including the Chief Minister.

**(B)** All the Ministers of Rajasthan are Cabinet Ministers.

**(C)** Cabinet have important departments.

**(D)** Presently there is no Deputy Minister in the Government of Rajasthan.

**67.** Which of the following statement is not true?

**(A)** The post of District Collector was created by Warren Hastings in 1772.

**(B)** In district, the District Collector functions as Chief Protocol Officer.

**(C)** In Article 233 of the Indian Constitution, the word 'District Judge' has been mentioned.

**(D)** Ramsay MacDonald called the Collector as the Institutional Charisma.

**63.** निम्नांकित में से कौनसा कथन असत्य है?

**(A)** पंचायत अनुसूचित क्षेत्रों में विस्तार (पेसा, PESA) अधिनियम 24 दिसम्बर, 1996 को लागू हुआ।

**(B)** पेसा (PESA) अधिनियम, दिलीप सिंह भूरिया समिति की अनुशंसा पर बनाया गया।

**(C)** पेसा (PESA) अधिनियम, अनुसूची – 5 के 9 राज्यों में लागू है।

**(D)** इस अधिनियम का एक उद्देश्य जनजातीय समुदायों की परम्पराओं एवं रीति–रिवाज़ों की सुरक्षा एवं संरक्षण करना है।

**64.** राजस्थान में राजस्व मण्डल की स्थापना कब हुई?

**(A)** 1947 **(B)** 1949

**(C)** 1951 **(D)** 1955

**65.** राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग के ऐसे अध्यक्ष को चिह्नित कीजिए, जो उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश भी रहे?

**(A)** कांता कुमारी भटनागर **(B)** गोपाल कृष्ण व्यास

**(C)** सैय्यद सगीर अहमद **(D)** नागेन्द्र कुमार जैन

**66.** निम्नलिखित में कौनसा कथन असत्य है?

**(A)** राजस्थान में मुख्यमंत्री सहित 30 मंत्री हो सकते हैं।

**(B)** राजस्थान के सभी मंत्री कैबिनेट मंत्री हैं।

**(C)** कैबिनेट में महत्वपूर्ण विभाग होते हैं।

**(D)** राजस्थान सरकार में वर्तमान में कोई भी उपमंत्री नहीं है।

**67.** निम्नलिखित में से कौनसा एक कथन सत्य नहीं है?

**(A)** सन् 1772 में, वॉरेन हेस्टिंग्स द्वारा जिला कलेक्टर का पद सृजित किया गया।

**(B)** जिले में, जिला कलेक्टर मुख्य प्रोटोकॉल अधिकारी का कार्य करता है।

**(C)** भारत के संविधान के अनुच्छेद 233 में 'जिला न्यायाधीश' शब्द का उल्लेख किया गया है।

**(D)** रामसे मैकडोनाल्ड ने कलेक्टर को संस्थागत करिश्मा कहा था।

68. High Court of Rajasthan was inaugurated by Rajpramukh Sawai Mansingh on -

(A) August 29th, 1949 (B) January 28th, 1950

(C) March 27th, 1951 (D) January 28th, 1952

69. Who among the following was not elected in Rajya Sabha elections 2022 in Rajasthan?

(A) Sh. Ghanshyam Tiwari (B) Sh. Pramod kumar

(C) Sh. Mukul Balkrishna Wasnik (D) Sh. Subhash Chandra

70. Which of the following pair is not correctly matched?

(A) 243 R – Mention of the composition of Municipal Corporations

(B) 243 S – Constitution and composition of Wards Committees

(C) 243 ZE – Composition of Metropolitan Planning Committee

(D) 243 ZC – Composition of District Planning Committee

71. Human Poverty Index (HPI) measures the deprivation as a composite index of -

(A) longevity, nutrition and knowledge

(B) knowledge, basic needs and standard of living

(C) longevity, knowledge and standard of living

(D) longevity, standard of living and sanitation

72. Planning Commission has been replaced by which of the given Institution?

(A) NITI Aayog

(B) Finance Commission of India

(C) Investment Commission of India

(D) National Development Council

73. Consider the following statements regarding the Goods and Services Tax Network (GSTN) –

(i) It is a non-government, private limited company.

(ii) It is a not for profit company.

Select the correct answer using the code given below -

(A) (i) only (B) (ii) only

(C) Both (i) and (ii) (D) Neither (i) nor (ii)

68. राजस्थान उच्च न्यायालय का उद्घाटन राजप्रमुख सवाई मानसिंह द्वारा.......................................... में किया गया था।

(A) 29 अगस्त, 1949 (B) 28 जनवरी, 1950

(C) 27 मार्च, 1951 (D) 28 जनवरी, 1952

69. निम्नलिखित में से कौन, राजस्थान से राज्यसभा चुनाव 2022 में निर्वाचित नहीं हुआ था?

(A) श्री घनश्याम तिवारी (B) श्री प्रमोद कुमार

(C) श्री मुकुल बालकृष्ण वासनिक (D) श्री सुभाष चन्द्रा

70. निम्नलिखित में से कौनसा युग्म सुमेलित नहीं है?

(A) 243 R – नगर पालिकाओं की संरचना का उल्लेख

(B) 243 S – वार्ड समितियों का गठन व संरचना

(C) 243 ZE – महानगर योजना समिति का गठन

(D) 243 ZC – जिला योजना समिति का गठन

71. मानव गरीबी सूचकांक (एच.पी.आई.) वंचन को समग्र सूचकांक के रूप में मापता है –

(A) दीर्घायु, पोषण और ज्ञान

(B) ज्ञान, बुनियादी जरूरतें और जीवन स्तर

(C) दीर्घायु, ज्ञान और जीवन स्तर

(D) दीर्घायु, जीवन स्तर और स्वच्छता

72. योजना आयोग को, दिए गए संस्थान में से, किसके द्वारा प्रतिस्थापित किया गया है?

(A) नीति आयोग

(B) भारत का वित्त आयोग

(C) भारत का निवेश आयोग

(D) राष्ट्रीय विकास परिषद

73. माल और सेवा कर नेटवर्क (जी.एस.टी.एन.) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें –

(i) यह एक गैर सरकारी, प्राइवेट लिमिटेड कंपनी है।

(ii) यह एक गैर लाभ कंपनी है।

नीचे दिए गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए –

(A) केवल (i) (B) केवल (ii)

(C) दोनों (i) और (ii) (D) न तो (i) ना ही (ii)

**74.** Which one of the following is Not included in the Agriculture and Allied Services of Indian Economy?

**(A)** Forestry **(B)** Food Processing
**(C)** Fishery **(D)** Logging (trees)

**75.** An objective of the National Food Security Mission is to increase the production of certain crops, which are -

**(A)** rice, wheat, pulses and oil seeds
**(B)** rice and wheat
**(C)** rice, wheat, pulses, oil seeds and vegetables
**(D)** rice, wheat and pulses

**76.** Which country got the maximum export from India in the year 2021-22?

**(A)** China **(B)** USA
**(C)** UAE **(D)** Brazil

**77.** As per Census 2011, which state of India has the highest sex ratio?

**(A)** Kerala **(B)** Tamil Nadu
**(C)** Chhattisgarh **(D)** Andhra Pradesh

**78.** With reference to Indian Economy, consider the following –

(i) Public debt
(ii) Public revenue
(iii) Open market operations
(iv) Bank rate

Which of the above is/are component/s of Monetary Policy?

**(A)** (i) Only **(B)** (ii) Only
